उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)


# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, गाजीपुर–233001

e-mail-ee3edjngp.up@gmail.com


जल सारथी

पत्रांक 1463 / पै42 का0टं0 / 38 दिनांक–10/08/2026

सेवा में

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय– **दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक "मखदुमपुर में पानी की टंकी दो साल से अधूरी 50 प्रतिशत से भी कम घरों को मिला पानी का कनेक्शन" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आप महोदय को सादर अवगत कराना है कि दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक "मखदुमपुर में पानी की टंकी दो साल से अधूरी 50 प्रतिशत से भी कम घरों को मिला पानी का कनेक्शन" की खबर दैनिक भास्कर सोशल मिडिया में दिनांक–28.07.2026 को प्रकाशित हुयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेसर्स एच0एफ0सी0एल0 द्वारा मखदुमपुर पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित 01 नलकूप पूर्ण, 01 नग पम्प हाउस 80 प्रतिशत पूर्ण, शिरोपरि जलाशय 125 किली0/14 मी0 स्टेजिंग का निर्माण कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य 7.41 कि0मी0 के सापेक्ष 6.91 कि0मी0 पूर्ण एवं गृह जल सयोजन 295 नग के सापेक्ष 204 नग पूर्ण है। वर्तमान में योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उक्त योजना के समस्त कार्य दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कर शिरोपरि जलाशय में माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित कर दी जायेगी है, वर्तमान में डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner